# तीन इंजन की सरकार में पूरी रफ्तार से फैल रहा अपराध, भ्रष्टाचार व बेरोजगारी : नकुलनाथ



## मैं वादों और घोषणाओं पर नहीं काम करने पर विश्वास करता हूं : कमलनाथ

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मुझे आज भी सन 1980 के दिन याद है, जब हम कच्ची सड़कों से होकर हर्रई से नरसिंहपुर जाते थे, पता नहीं चलता था कब हर्रई आया और कब चला गया। चुनिंदा घरों में बिजली थी, तब मैंने विद्युतीकरण के लिए अभियान चलाया और दूरस्थ वन क्षेत्र में बसे वनग्रामों तक बिजली आपूर्ति कराई। खेतों में सिंचाई के लिए पानी नहीं हुआ करता था। तालाबों का निर्माण प्रारंभ कराया ताकि किसान अपने खेतों से फसलों की अच्छी पैदावार ले सकें। क्योंकि किसान के पास पैसा होगा तभी नगर व शहर का बाजार व गांव की दुकान चलती है। आज परिणाम आप सभी के सामने है हर्रई शहर किसी पर निर्भर नहीं है। उक्त उदगार आज हर्रई में में आयोजित कांग्रेस के विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने व्यक्त किए।

अपने सारगर्भित उदबोधन में कमलनाथ ने कहा कि मैंने कभी वादे या फिर घोषणाएं नहीं की, इस बात के गवाह यहां उपस्थित बुजुर्गगण है। मैं निरंतर कार्य करने पर भरोसा करता हूं। बड़ी-बड़ी बातें और घोषणाएं तो भाजपा करती है जिससे आप सभी अच्छी तरह वाकिफ है। उन्होंने अपने उदबोधन में आगे कहा कि हर्रई पहुंचने पर पता चला कि यहां पुलिस और प्रशासन बेलगाम है। पुलिस अपनी वर्दी का सम्मान नहीं कर रही, भाजपा के इशारों पर काम कर रही, यह बेहद निंदनीय है।

उन्होंने कहा कि सरकार आती-जाती रहेगी, किन्तु वे एक राजनीतिक दल के कार्यकर्ता बनकर काम करने से बचें। शासकीय सेवा में आने से पहले जनसेवा व निष्पक्षता की जो शपथ ली थी उसका स्मरण एक बार अवश्य करें।

आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने कहा कि भाजपा ने पहले दो इंजन का ढिंढोरा पीटा, अब तीन इंजन की बात कर रही। तीन इंजन वाली इस सरकार में अपराध, भ्रष्टाचार, महंगाई व बेरोजगारी भी तीन गुनी रफ्तार से फैल रहा है।

हर्रई में पुलिस व प्रशासन के संरक्षण में अपराध व अवैध कारोबार फलफूल रहा है तो वहीं आदिवासियों की जमीन पर कब्जा किया जा रहा। कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पर हमला हुआ, पुलिस और प्रशासन ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। अगर ऐसा ही चलता रहा तो जल्द ही कांग्रेस के कार्यकर्ता हर्रई, अमरवाड़ा व छिन्दवाड़ा की सड़कों पर उतरेगा। आवश्यकता पड़ी तो भोपाल और दिल्ली की सड़कों पर भी उतरेंगे और विरोध व्यक्त करेंगे। नकुलनाथ ने भाजपा की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि केन्द्र व राज्य में भाजपा की सरकार है और इसमें छिन्दवाड़ा से भी एक इंजन जुड़ चुका है।

तीन इंजन वाली इस सरकार ने अभी तक कितने लोगों को रोजगार दिया तो जनसभा से आवाज आई एक भी नहीं। इसीलिये मैं प्रत्येक सभा में कहता हूं कि तीन इंजन वाली सरकार में अपराध, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी तीन गुनी रफ्तार से बढ़े हैं।

आयोजित कार्यक्रम को प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष गंगाप्रसाद तिवारी, धीरनशाह इनवाती सहित अन्य वक्ताओं ने सभी सम्बोधित किया। आयोजित कार्यक्रम में अमरवाड़ा विधानसभा प्रभारी अजय मैद, अशोक तिवारी, कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रामनारायण परतेती सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित रहे।



# सांसद ने सुनीं लोगों की समस्याएं, किया निराकरण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** इंदौर प्रवास से लौटने के बाद सांसद बंटी विवेक साहू ने अपने परासिया रोड स्थित सांसद कार्यालय में पहुंचे लोगों से मुलाकात करते हुए उनकी समस्याओं को जाना और उसका निराकरण किया। शनिवार को सांसद श्री साहू से मिलने के लिए बड़ी संख्या में लोग सांसद कार्यालय पहुंचे हुए थे।

लोगों से मुलाकात करते हुए सांसद श्री साहू ने सभी की समस्याओं का गंभीरतापूर्वक विचार कर उसका निराकरण किया। सांसद कार्यालय अपनी समस्या लेकर पहुंचे लोगों ने भी सांसद श्री साहू को अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए उसका निराकरण करने का निवेदन किया।

श्री साहू ने कुछ समस्याओं का तत्काल ही निराकरण कर संबंधित अधिकारियों को फोन के माध्यम से समस्या से अवगत कर उसका निराकरण करने के लिए कहा वही कुछ समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन संबंधित आवेदनकर्ताओं को दिया।

## सार-समाचार

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने रोहनाकला पहुंचकर पूर्व मंत्री से की मुलाकात संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा के शुभंकर जिलाध्यक्ष शेषराव यादव द्वारा पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना से उनके निवास रोहना पहुंचकर सौजन्य भेंट की। आजीवन सहयोग निधि प्राप्त की एवं संगठनात्मक विषय पर चर्चा की। मुलाकात के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता विजय पांडे, संजय पटेल, धर्मेंद्र मिगलानी, अजय सक्सेना, अनीश पटेल एवं विजेंद्र चौहान उपस्थिति रहे।

### जल्द हल होगी कोटवारों की समस्या : सांसद



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश कोटवार संघ जिला पांढुर्णा के कोटवारों ने शनिवार को सांसद कार्यालय छिंदवाड़ा पहुँचकर सांसद बंटी विवेक साहू को अपनी मांग का पत्र सौंपा। इस दौरान सांसद श्री साहू ने कोटवार संघ सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से मुलाकात करते हुए उनकी समस्या को जाना और समझा। इस दौरान सांसद श्री साहू ने कोटवार संघ के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को आश्वासन दिया की उनकी वेतन वृध्दि की मांग को लेकर वे अधिकारियों और मंत्रियों से चर्चा कर जल्द ही उन्हें वेतन वृध्दि का लाभ दिलाएंगे।

सांसद श्री साहू को कोटवार संघ के जिलाध्यक्ष रामनाथ झरबड़े ने बताया कि उनके वेतन में प्रतिवर्ष 500 रूपये की वृध्दि किये जाने के आदेश राज्य शासन द्वारा जारी किए जा चुके है, जिसका लाभ छिंदवाड़ा जिले सहित अन्य जिलों में भी दिया जा रहा है। सिर्फ पांढुर्णा में राज्य शासन के आदेशों का पालन नहीं हो रहा है। उन्होंने सांसद बंटी विवेक साहू को मांग पत्र सौंपते हुए जल्द ही वेतन वृध्दि का लाभ दिलाने की मांग की। इस दौरान कोटवार संघ से बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

### बौद्धगया महाविहार मुक्ति आंदोलन के लिए कलेक्टर को ज्ञापन आज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सदियों पूर्व सम्राट अशोक द्वारा स्थापित विश्व के बौधों का प्रमुख तीर्थ एवं आस्था स्थल बोधगया स्थित महाबोधि महाविहार पर बौद्धों का नहीं बल्कि हिन्दू ब्राह्मण पुजारियों का कब्जा होना सारे विश्व में कौतूहल का विषय है। भारत में कहीं पर भी किसी भी आस्थास्थल में गैर धर्मावलंबियों का कब्जा नहीं है, फिर बौद्ध विहार में हिंदुओं का कब्जा क्यूं ? दरअसल इस विहार में विश्व के सभी प्रमुख राष्ट्रों द्वारा अरबों का दान आता है, उसी को हड़पने के लिए यह सरकार की मौन स्वीकृति से यह साजिशें जारी है।

भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश लोखंडे ने बताया किए महाबोधि विहार मुक्ति हेतु विहार परिसर में शांतिपूर्ण आंदोलनरत भिक्षुओं को बिहार सरकार ने बर्बरता पूर्वक आधी रात को खदेड़ा यह अमानवीय कृत्य अम्बेडकरी व बौद्धजन कभी बर्दास्त नहीं कर सकते। जिसके निषेधार्थ छिंदवाड़ा जिले के तमाम अम्बेडकरी व बौद्ध संगठन आज दिनाँक 2 मार्च को सुबह 10 बजे से 04 बजे तक अम्बेडकर तिराहा पर शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन करेंगे और रैली के रूप में महामहिम राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर छिंदवाड़ा को ज्ञापन देंगे।

# अपेरल सेंटर के छात्रों को दी गई नेशनल लोक अदालत की जानकारी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आगामी 8 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुशांत हुद्दार के निर्देशन एवं विधिक सहायता अधिकारी विजय खोब्रागडे के मार्गदर्शन में लोक अदालत का प्रचार छिंदवाड़ा स्थित अपेरल डिजाईन सेंटर में किया गया। इस अवसर पर विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य श्यामल राव ने उपस्थित छात्रो को बताया की जरूरतमंद लोगों को विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं की जानकारी के साथ 8 मार्च 2024 को आयोजित नेशनल लोक अदालत मे विभिन्न विभागों एवं अन्य मामलो मे समझौता योग्य आपराधिक, चेक बाउंस, बैंक रिकवरी केसेस, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, श्रम विवाद, विद्युत एवं वाटर बिल, पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण मामलें, सर्विस मैटर, राजस्व प्रकरण, प्री-लिटिगेशन मामले संबंधी विवादों का निराकरण आपसी राजीनामा के आधार पर किया जाता है वहीं न्यायालय मे चल रहे मामलों का सुलभ निराकरण व समझौता योग्य मामलों का सुलभ निपटान कराने की अपील छात्रो से की है ओर कहा की आप अपने अपने क्षेत्रों मे लोक अदालत का प्रचार प्रसार करने एवं घर घर दस्तक देकर पारिवारिक विवाद के मामलो को चिन्हित कर आगामी आयोजित लोक अदालत मे निराकरण करवाने प्रेरित करे। वहीं लोक अदालत के पांम्पलेट का वितरण किया गया । प्रचार प्रसार अभियान को सफल बनाने मे सेंटर प्रभारी सतीश पटेल का सराहनीय सहयोग रहा ।



# आए दिन हो रहे सड़क हादसों को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष ने जताया विराध



**गुढ़ी अंबाड़ा, देशबन्धु।** अंबाड़ा बेरियर से लेकर इकलहरा टोल नाका तक मुख्य सड़क मार्ग पर आए दिन होते सड़क हादसे एवं उस दौरान ग्रामीण राहगीरों की होती मौत को लेकर पगारा मंडल अध्यक्ष मनीष सोनू यादव ने चिंता जहिर की है।

उन्होंने टोल प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश जताया एवं शनिवार की सुबह 11:00 बजे भाजपा कार्यकर्ताओं सहित स्थानीय पत्रकारों के साथ इकलेहरा टोल कार्यालय पहुंचे और टोल प्रबंधन की लापरवाही को लेकर नाराजगी जताई।

चर्चा के दौरान टोल प्रबंधक के द्वारा दो दिन में मेंटेनेंस टीम के द्वारा निरीक्षण किए जाने की बात कही गई इसके अलावा मुख्य सड़क मार्ग के किनारे सांकेतिक बोर्ड, व गड्ढे की मरम्मत सहित टोल नाके के पास उचित रोशनी किए जाने की बात कही गई। इसके अलावा हिंगलाज मार्ग तिराहा पर स्पीड ब्रेकर बनाने के अलावा अंबाड़ा बस स्टॉप, गुढ़ी बस स्टॉप, माइनस बस स्टॉप मुख्य सड़क मर्ग पर स्पीड ब्रेकर लगवाने की बात कही गई।

इस अवसर पर भाजपा पगारा मंडल अध्यक्ष मनीष सोनू यादव, भाजपा जिला प्रतिनिधि विकास अग्रवाल, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री जलील शाह बाबा, पत्रकार गयास अहमद सिद्दीकी, भूपेंद्र बंटी साहू, भाजपा कार्यकर्ता बलराम भलावी, आशी यादव, विकास कोटार, हरिओम साहू, हेमंत कोटार, अनुज यादव, प्रखर बरमैया, शोभित अग्रवाल, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# औद्योगिक निवेश से आज मप्र विकास के नए आयाम गढ़ने को तैयार : भाजपाध्यक्ष

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कमलनाथ द्वारा मध्य प्रदेश को भ्रष्टाचार की राजधानी कहने पर उनके बयान की आलोचना करते हुए घोर आपत्ति दर्ज करवाई है। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने आपत्ति दर्ज करवाते हुए कहा कि जिस मध्यप्रदेश ने उन्हें इतना मान सम्मान दिलवाया, जिस मध्यप्रदेश की बदौलत वे कांग्रेस के बड़े नेताओं में शुमार हुए आज जब वे सत्ता में नहीं हैं तो उसी मध्यप्रदेश के बारे अनाप शनाप बयान जारी कर अपमान करने लगे हैं। श्री यादव ने कहा कि औद्योगिक निवेश से आज जब मध्यप्रदेश विकास के नए आयाम गढ़ने को तैयार है, जब मध्यप्रदेश में देश के जाने माने उद्योगपति निवेश की तैयारी कर रहे हैं तब आप सहयोग करने की बजाए अनर्गल बयान जारी कर प्रदेश में निवेश के लिए आने वाले उद्योगपतियों को भटका रहे हैं ताकि मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश ना हो और प्रदेश का विकास प्रभावित हो जाए।

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि जब आप मुख्यमंत्री बने थे तब आपने इंडस्ट्रियल समिट करवाने की बजाय आईफा अवॉर्ड करवाया था, उन्होंने कहा कि कमलनाथ आईफा अवॉर्ड करवाने और फिल्म स्टार की कमर में हाथ डालने से विकास नहीं होता। श्री यादव ने कहा कि फिल्म स्टारों को बुलाकर युवाओं का कुछ समय के लिए मन बहला सकते हो लेकिन उन्हें रोजगार नहीं दे सकते। युवाओं को रोजगार देने के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने पड़ते हैं और अवसर तब मिलते हैं जब प्रदेश में औद्योगीकरण की संभावनाएं बनायी जावे।

# शासकीय विधि महाविद्यालय में विद्यार्थियों को समृद्ध भारत के संकल्प से अवगत कराया



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय विधि महाविद्यालय छिंदवाड़ा में शनिवार को स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना एवं आंतरिक गुणवत्ता मूल्यांकन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में जम्मू कश्मीर और भारतीय संविधान पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया था। जिसमें विषय विशेषज्ञ के रूप मे डॉ. विश्वास कुमार चौहान, प्राध्यापक (विधि) और प्रशासनिक सदस्य मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियमक आयोग भोपाल को आमंत्रित किया गया था। डॉ. विश्वास कुमार चौहान ने विषय विशेषज्ञ के द्वारा जम्मू कश्मीर के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए जम्मू कश्मीर के विलय का इतिहास बताया और सशक्त और समृद्ध भारत का 22 फरवरी 1994 के संकल्प से अवगत कराया। जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 के संशोधन के पूर्व एवं पश्चात की स्थिति पर व्याख्या की साथ ही गिलगित और बलिस्तान की भौगोलिक, आर्थिक, पर्यावरणीय महत्व को समझाया। कार्यक्रम के पश्चात मुख्य वक्ता द्वारा स्वलिखित पुस्तक स्वाधीनता एवं स्वतंत्रता महाविद्यालय ग्रंथालय को सप्रेम भेंट की गई। कार्यक्रम के अंत मे मुख्य अतिथि के द्वारा सर्वश्रेष्ठ छात्रा की घोषणा भी की गयी। सर्वश्रेष्ठ छात्रा के रूप मे दिव्या सोनी अंतिम वर्ष की छात्रा को चुना गया।

कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम की संयोजक डॉ. दमयंती कटरे द्वारा किया गया। स्वागत उद्बोधन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.के. अकोदिया के द्वारा दिया गया। विषय का संक्षिपत परिचय डॉ. स्नेहा कुमारी के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के अंत मे डॉ. कमलाकार मोटघरे ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संख्या में छात्र/छात्राओं ने उपस्थित होकर जिज्ञासा भरे प्रश्नोत्तर किए। कार्यक्रम मे महाविद्यालय के समस्त स्टाफउपस्थित थे।

# 60वें बसंत उत्सव एवं सरस्वती जयंती समारोह में कलाकार पुरस्कृत

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** संगीत समारोह में प्रथम दिन पंडित पद्मश्री उमाकांत एवं अनंत गुनेचा ने ध्रुपद गायन किया। पखावज संगत पंडित अवधेश कुमार द्विवेदी बांदा ने की। द्वितीय दिवस डॉ. प्रकाश अग्रवाल की अध्यक्षता में श्री श्री 1008 मुरलीदास महाराज (ओमकारेश्वर) ने अपने शास्त्रीय गायन में सर्वप्रथम राग, आभोगी कान्हाडा में विलंबित ख्याल एक ताल में गाया उसके पश्चात् राग, सिंदूरा में ठुमरी प्रस्तुत की अंत में राग माला से गायन समाप्त किया हारमोनियम पर संगत अमित सूर्यवंशी एवं तबले पर संगत राजेश विश्वकर्मा ने की।



इसके पश्चात् अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सितारवादक पंडित नयन घोष (मुंबई) ने सितार पर राग मारूविहाग में विलंबित लय में आलाप जोड] झाला लेकर विलंबित बंदिश प्रस्तुत की उसके पश्चात् भटियाली में धुन पेश की थी उसके पश्चात् बंगाल का वाऊल लोकगीत की धुन सितार पर बजाई। तबले पर संगत पवन सिडाम (मुंबई) ने की । कार्यक्रम के अंत में शालिगराम विश्वकर्मा अवार्ड स्व. रूपचंद राय, स्व. भगवानदीन राय, स्व. फूलचंद अग्रवाल एवं स्व. पी.डी. रूद्र कुमार झा की स्मृति में विजेताओं को नगद पुरूस्कार एवं मूमेंटो प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

शालिगराम अवार्ड के विजेता गायन में प्रथम स्वरांगी विश्वकर्मा, द्वितीय अवनी सोनी, तृतीय हिमाक्षी मराठा, वादन में प्रथम ओम विश्वकर्मा, द्वितीय शिवांश श्रीवास्तव, तृतीय करण राऊत, जूनियर नृत्य में प्रथम भाविका मंडराह, द्वितीय काव्या सनदेल, तृतीय अरनव चौरसिया, सीनियर नृत्य प्रथम दिव्यांशी जाट, द्वितीय जंयांशी राज, तृतीय शैली वस्त्राणे विजेता रहे। संगीत समारोह के अंत में सभी प्रायोजक देहली पब्लिक स्कूल, राघव इंडस्ट्रीज, गुप्ता इंडस्ट्रीज, सिन्हा एडव्हरटाईजिंग. श्री जी लॉन का कार्यक्रम के संयोजक राजेश विश्वकर्मा एवं समिति के पदाधिकारियों द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन संदीप चौरे एवं अजय चौकसे द्वारा किया गया। संगीत समारोह में डॉ. प्रकाश टाटा, एडॉ. अनुराग माथुर, नंदकिशोर शर्मा, आनंद बक्शी, डॉ. जे.एम. श्रीवास्तव, पंडित संजय भार्गव. सत्येन्द्र वर्मा एवं बहुत बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने फोटोग्राफर्स को दिए जीवन में आगे बढ़ने के टिप्स



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नवाचारों के लिए पूरे प्रदेश में अलग पहचान रखने वाले छिंदवाड़ा कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने शनिवार को एक और नवाचार किया। उन्होंने मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित किए गए पर्यटन ग्रामों, वहां बने होम स्टे और छिंदवाड़ा के पर्यटन स्थलों का प्रचार-प्रसार करने के लिए वीडियोग्राफर्स के साथ मीटिंग की। साथ ही युवा वीडियोग्राफर्स को जीवन में आगे बढ़ने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए।

शिक्षाप्रद किस्से सुनाते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने युवा वीडियोग्राफर्स का हौसला बढ़ाया। कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में टूरिज्म प्रमोशन के लिए हुई मीटिंग में जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के नोडल अधिकारी बलराम राजपूत, पर्यटक प्रबंधक गिरीश लालवानी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री सिंह ने युवा फोटो व वीडियोग्राफर्स से कहा कि जिले में तामिया-पातालकोट, देवगढ़ के साथ कई प्राकृतिक स्थान हैं, जहां पर शानदार तरीके से प्रीवेडिग शूट हो सकता है। सांगाखेड़ा की पहाड़ियों व चिलक की अतिसुंदर घाटियों का जिक्र करते हुए श्री सिंह ने कहा कि इन स्थानों के साथ टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित किए गए होम स्टे में भी शूट किया जा सकता है। इन स्थानों की विजिट करने का सुझाव उन्होंने दिया।

युवा फोटो व वीडियोग्राफर्स ने कलेक्टर श्री सिंह को बताया कि चीड़ पॉइंट, सप्तधारा व झिंगरिया में फोटो शूट के लिए कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस पर कलेक्टर श्री सिंह ने इन स्थानों पर स्वच्छता रखने व सुरक्षित तरीके से फोटो शूट करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि प्रीवेडिग शूट के लिए वन विभाग के माध्यम से सशर्त अनुमति दिलवाई जाएगी।

कलेक्टर श्री सिंह ने मीटिंग के दौरान युवा फोटो व वीडियोग्राफर्स को कई शिक्षाप्रद किस्से सुनाए और उनका हौंसला बढ़ाया। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि अच्छा कार्य करते हुए जीवन में आगे बढ़ें और अपने अंदर से डर को खत्म करें। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आप छिंदवाड़ा में जन्में हैं, छिंदवाड़ा से प्यार करें और यहां के पर्यटन स्थलों का प्रमोशन करें, इससे जिले का आर्थिक व सामाजिक लाभ होगा।

कलेक्टर श्री सिंह ने मीटिंग में निर्देशित किया कि छिंदवाड़ा के प्रमुख पर्यटन स्थलों व ऐतिहासिक इमारतों की फोटो व वीडियो प्रतियोगिता करवाई जाए जिससे युवा फोटो व वीडियोग्राफर्स को प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने युवाओं को जिला प्रशासन के सहयोग का भरोसा दिलाते हुए कहा कि सभी के सहयोग से छिंदवाड़ा में टूरिज्म का विकास संभव है, सभी वीडियोग्राफर्स इसमें सहयोग दें, ताकि देश और दुनिया के लोग छिंदवाड़ा को जान सकें और यहां के पर्यटन स्थल घूमें।

कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि छिंदवाड़ा में पर्यटकों को बहुत ही जल्द हॉट एयर बैलून और ओपन थिएटर की सुविधा मिलने जा रही है। चिमटीपुर में हॉट एयर बैलून और तामिया में ओपन थिएटर की प्रक्रिया शुरू हो चुकी हैए जिसे जल्द पूरा किया जाएगा। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड की फिल्म पॉलिसी का लाभ उठाने और देवगढ़ में शुरू होने वाले विकास कार्यों की जानकारी भी वीडियोग्राफर्स से साझा की गई।

## बिछुआ के राजस्व निरीक्षक रामकृष्ण साहू को दी गई भावभीनी विदाई



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा जिले के बिछुआ तहसील में पदस्थ राजस्व विभाग बिछुआ तहसील में राजस्व विभाग में पदस्थ थे राम कृष्ण साहू ने सिवनी तथा छिंदवाड़ा जिले में राजस्व विभाग में 36 वर्ष 8 माह तक राजस्व विभाग में अपनी सेवाएं दी। आज वे अपने पद से सेवानिवृत्त हुए।

इस अवसर पर बिछुआ तहसील कार्यालय के तहसीलदार अमित रिनाहते, नायब तहसीलदार, सरिता आहके, रेवाराम माठे ने रामकृष्ण साहू को फूल माला भेंट कर सम्मानित किया।

श्री साहू के सेवानिवृत्त होने पर तहसीलदार अमित रिनाहते ने श्री साहू की सेवाओं की सराहना कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर तहसील कार्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारी सहित पटवारी योगेश चौधरी, कु. शिवानी मालवीय, महेश पवार, अविनाश डोंगरे, राकेश खरपुसे, मोरेश्वर राव घौरके, संदीप सोनी, सुरेश कुमार चौरिया, नेहा आर्य, लोकेश ऊइके, रूपचंद्र सुलखिया, पवन वर्मा, विजय कुमार भाले, विवेक डोंगरे, मलिका पाटिल, रमेश कुमार डोंगरे, पूनाराम साहू, संदेश पहाड़े, शुभांगी सहारे, कुं. लता नर्रे सहित साहू परिवार से उमा साहू, संगीता साहू, योगेश साहू, योशिका साहू, दीपक साहू, शेजल साहू, दीपक साहू उपस्थित थे।

विदाई समारोह में बैंड बाजे के साथ उनके निवास स्थान पर पहुंचाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सेवानिवृत्त की बधाई एवं उन्हें स्वस्थ्य एवं दीर्घायु जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।

### सार-समाचार

## आज छिंदवाड़ा और पांढुर्णा के कार्यक्रमों में शामिल होंगे सांसद विवेक साहू

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू रविवार 2 मार्च को छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सांसद श्री साहू सुबह 10 बजे पांढुर्णा में प्रेस क्लब पांढुर्णा के कार्यालय का उद्घाटन करेंगें, सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक के नांदनवाड़ी मंडल के ग्राम धनौरा में बूथ अध्यक्ष, महामंत्री, भाजपा संगठन के बीएलए व कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए टिफिन पार्टी के कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 4 बजे जिला औषधी विक्रेता द्वारा इनर ग्राऊंड छिन्दवाड़ा में आयोजित केमिस्ट प्रीमियर लीग प्रतियोगिता के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर पुरस्कार वितरण करेंगे। शाम 6 बजे बिछुआ के ग्राम घाटकामठा में गंगापूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे वही शाम 7 बजे छिन्दवाड़ा के वार्ड नं. 7 प्रगति कॉलोनी में भी गंगापूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## स्वाध्याय भवन में अष्टान्हिका महापर्व की बैठक आज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सकल जैन समाज के साथ श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के जिनशासन सेवक आगामी भादों सुदी अष्टमी से भादों सुदी पूर्णिमा तक चलने वाले अनादि निधन महापर्व अष्टान्हिका की मंगल आराधना विविध अनुष्ठानों के साथ भक्ति भाव पूर्वक करेगा।

फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने बताया कि मंगल महोत्सव के विविध अनुष्ठानों की रूपरेखा हेतु आज रविवार 2 मार्च को अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित स्वाध्याय भवन में रात्रि 9.30 बजे से मंडल एवं फेडरेशन के जिनवाणी तत्वरसिक जिनशासन सेवकों की विशेष बैठक का आयोजन किया गया है जिसमें आगंतुक विद्वान, पूजन विधान, मंगल प्रवचनों सहित अन्य आवश्यक गतिविधियों का निर्धारण कर सम्पूर्ण रूपरेखा तय की जावेगी ताकि आठ दिवसीय महोत्सव में सकल समाज मिलकर धर्माराधना करते हुए जिनशासन की मंगल प्रभावना कर सके जिसमें सम्मिलित होकर अपने अपने सुझाव रखने की अपील मंडल एवं फेडरेशन के सदस्यों शांतिकुमार पाटनी, रमेशचंद सिंघई, महेंद्र बाबू, महेंद्र पाटनी, डॉक्टर के.सी. जैन, प्रद्युम्न जैन, चुन्नू भैया, रमेश पांडे, प्रमोद पाटनी, विमल जैन, प्रमोद जैन, प्रकाश अहिंसा, गुल्लू पाटनी, संजीव सिंघई, अजय कौशल, ऋषभ शास्त्री, आशीष कौशल, विशाल शास्त्री, सिद्धांत जैन सहित समस्त सदस्यों द्वारा की गई है।

## आदिवासी बालक छात्रावास सोनपुर में पदस्थ एक प्राथमिक शिक्षक निलंबित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सतेन्द्र सिंह मरकाम द्वारा विकासखंड हर्रई के आदिवासी बालक छात्रावास सोनपुर में निवासरत छात्र की मृत्यु के कारण छात्रावास अधीक्षक सविता तिवारी (मूल पद-प्राथमिक शिक्षक) आदिवासी बालक छात्रावास सोनपुर को लगाये गये आरोप का समाधानकारक उत्तर नहीं देने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाकर निलंबन अवधि को मात्र पेंशन की गणना के लिए मान्य किया गया है।

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री मरकाम ने बताया कि विकासखंड हर्रई के आदिवासी बालक छात्रावास सोनपुर में निवासरत छात्र की मृत्यु के कारण छात्रावास अधीक्षक श्रीमती सविता तिवारी (मूल पद-प्राथमिक शिक्षक) आदिवासी बालक छात्रावास सोनपुर को कार्यालयीन आदेश 23 सितंबर 2023 द्वारा निलंबित किया जाकर कार्यालयीन पत्र 30 अक्टूबर 2023 एवं पत्र 04 दिसंबर 2023 द्वारा आरोप पत्र/अतिरिक्त आरोप आदि जारी कर स्पष्टीकरण चाहा गया। प्राथमिक शिक्षक श्रीमती सविता तिवारी द्वारा प्रस्तुत आरोप पत्र का उत्तर समाधानकारक नहीं होने के कारण कार्यालयीन आदेश 02 जनवरी 2024 द्वारा विभागीय जांच संस्थित कर विभागीय जांच अधिकारी एवं प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त किये गये। विभागीय जांच अधिकारी द्वारा 16 नवंबर 2024 को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत कर प्राथमिक शिक्षक श्रीमती तिवारी पर लगाये गये आरोप सत्य प्रतिवेदित किये गये। प्राथमिक शिक्षक श्रीमती तिवारी को कार्यालयीन पत्र 14 जनवरी 2025 द्वारा विभागीय जांच प्रतिवेदन की प्रति प्रेषित कर अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अंतिम अवसर प्रदान किया गया। प्राथमिक शिक्षक श्रीमती तिवारी द्वारा 29 जनवरी 2025 को स्पष्टीकरण का उत्तर प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत उत्तर के साथ ऐसा कोई साक्ष्य अथवा दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गये जिससे अपचारी कर्मचारी को लगाये गये आरोपों से मुक्त किया जा सके। इसीलिये छात्रावास अधीक्षक श्रीमती तिवारी को मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम 10 (अ) के तहत 03 (तीन) वेतन वृध्दि संचयी प्रभाव से रोकी गई है। इनके निलंबन अवधि को मात्र पेंशन की गणना के लिए मान्य किया गया है।

## कमलनाथ-नकुलनाथ ने युवाओं को दिए नियुक्ति पत्र



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के अथक प्रयासों से जिले के युवा लगातार रोजगार से जुड़ रहे हैं। नेताद्वय के प्रयासों से संचालित उच्च व तकनीकी शिक्षण संस्थानों से प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को निरंतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे। इसी कड़ी में कमलनाथ व नकुलनाथ ने निज निवास शिकारपुर कमलकुंज से चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

देश की दिग्गज कम्पनियों में से एक स्टार्टेक कंपनी में चयनित युवाओं को कमलनाथ एवं नकुलनाथ के हस्ते नियुक्त पत्र प्राप्त हुआ। इस अवसर पर उपस्थित युवाओं ने नेताद्वय का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जहां एक ओर प्रदेश व देश में शिक्षित युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं। वहीं कमलनाथ व नकुलनाथ के प्रयासों से देश व विदेश की दिग्गज कम्पनियों के प्रतिनिधि रोजगार उपलब्ध कराने हमारे जिले तक पहुंच रहे हैं। यह छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिले के युवाओं के लिए बड़े ही गर्व का विषय है कि हमें कमलनाथ व नकुलनाथ जैसे जनसेवक मिले हैं।

म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के हाथों प्रमाण पत्र पाकर युवा खुशी से उछल पड़े। नेताद्वय के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिले के युवाओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

देश की अग्रणी कम्पनी इंफोसिस के द्वारा प्रायोजित व उन्नति फाउंडेशन बेंगलुरु द्वारा आयोजित एवं सोनी कंप्यूटर शिक्षण संस्थान से निरूशुल्क संचार कौशल का प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों को कमलनाथ व नकुलनाथ ने प्रमाण पत्र प्रदान किए। उपस्थित विद्यार्थियों ने नेताद्वय का हृदय से धन्यवाद अदा किया।

## रमजानुल मुबारक पहला रोजा आज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन कमेटी छिन्दवाड़ा की जानिब से छिन्दवाड़ा शहर सहित पूरे जिले की आवाम को रमजानुल मुबाकर की तहदिल से मुबारकबाद पेश की है।

साथ ही उन्होंने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि रमजानुल मुबारक का चांद बतारिख 01 मार्च 2025 को नज़र आ गया है। लिहाजा रमजानुल मुबारक आज 02 मार्च 2025 बरोज इतवार के दिन पहला रोजा होगा। रमजानुल मुबारक के इस पाक महीने में पूरे 30 रोजे रखे जाते है।




विदित हो कि मुस्लिम धर्मावलम्बियों द्वारा रमज़ान माह को बहुत पवित्र माह मानते हुए पूरे 30 दिनों तक खुदा की इबादत करते हुए रोजा रखते है। इस दौरान वे दिन भर भूखे प्यासे रहते है और अल्लाह की इबादत करते है।

## विवाह समारोह में पहुंचे कांग्रेस नेता पिता-पुत्र



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** ग्राम सिंगोंडी से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत पटनिया में पटेल परिवार के घर विवाह कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ लगभग 11 बजे पहुंचे जहां पटेल परिवार ओर उनके घर आए मेहमानों सहित ब्लाक कांग्रेस कमेटी सिंगोड़ी के नेता और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं सांसद नकुलनाथ ने वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लक्ष्मी पटेल से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए कुशलक्षेम पूछा तत्पश्चात उनकी नातिन ऊषा का विवाह प्रद्युम्न पटेल निवासी भजिया के साथ संपन्न होने पर उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया एवं आने वाले समय में पटनिया आने का वादा किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष बलराम पटेल के छोटे भाई पूर्व सरपंच बलराज पटेल की सुपुत्री ओर उनके पूरे परिवार को बधाई शुभकामनाएं प्रदान की विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए सभी सामाजिक बंधुओं और रिश्तेदारों ने उनसे मुलाकात कर पटनिया आने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

ब्लॉक एवं क्षेत्रीय कांग्रेस पार्टी सिंगोड़ी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी उनका स्वागत सत्कार किया।

## निगम सभाकक्ष में आयोजित हुई योजनाओं की कार्यशाला



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर निगम सभाकक्ष में शनिवार को विभिन्न पदों से अवर सचिव पद में पदोन्नति हेतु अधिकारियों की प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में केंद्रीय सचिवालयए रेलवे बोर्ड सचिवालय एवं अनुभागीय अधिकारियों ने शिरकत की। इस कार्यशाला में निगम के विभिन्न शाखा प्रभारियों ने अपने अपने विभाग की योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की। इस दौरान मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजनाए अमृत योजनाए मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना संबल एवं भवन संनिर्माण कर्मकार मंडल योजना की जानकारी दी गई। कार्यशाला में नगर निगम महापौर विक्रम अहकेए नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय सहित उपयंत्री एवं विभिन्न शाखा के शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।


## छिंदवाड़ा-पांढुरना के विकास में कसर नहीं छोड़ेंगे: सांसद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अब कोई भी आमजन मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहेगा। बड़े शहरों में मिलने वाली हर सुविधा और छोटे शहरों में भी रहने वाले निवासियों को मिलेगी।

उक्त उद्गार लोधीखेड़ा में 95 लाख 67 हजार की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यो के भूमिपूजन अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा और पांढुर्णा के विकास में कोई भी कसर नहीं छोड़ेंगे। दोनों जिलों के विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे है। इसके लिए मैं निरंतर दिल्ली और भोपाल में मंत्रियों एवं अधिकारियों से संपर्क कर रहा हूँ।

## कक्षा दसवीं में एनएसक्यूएच एवं 12वीं में मराठी/उर्दू की परीक्षा



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित की जाने वाली हायर सेकेण्डरी व हाई स्कूल परीक्षा सत्र 2024-2025 के अंतर्गत 25 फरवरी 2025 से हायर सेकेण्डरी व हाई स्कूल परीक्षा 27 फरवरी से छिन्दवाड़ा जिले में स्थापित 133 एवं पांढुर्णा जिले में स्थापित 29 परीक्षा केंद्रों पर प्रारम्भ हो चुकी है।

इसकी सतत् मॉनीटरिंग कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम कुमार द्वारा की जा रही है। इसी क्रम में 60 परीक्षा केन्द्रों में शनिवार को कक्षा 10वीं के एनएसक्यूएफविषय के प्रश्नपत्र की परीक्षा सम्पन्न हुई। जिसमें कक्षा 10वीं में 3537 दर्ज विद्यार्थियों में से 3490 विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा 47 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में 01 दिव्यांग विद्यार्थी शामिल हुआ।

जिला स्तरीय निरीक्षण दलों द्वारा किये गये निरीक्षणों की संख्या 07 तथा विकासखण्ड स्तरीय निरीक्षण दलों द्वारा किये गये निरीक्षणों की संख्या 30 रही। इस दौरान किसी भी परीक्षा केन्द्र पर नकल प्रकरण पंजीबध्द नहीं हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन के लिये विकासखण्ड स्तर एवं जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किये जाकर सभी 66 परीक्षा केंद्रों की सतत मॉनीटरिंग की गई।

परीक्षा में पारदर्शिता रखने एवं नकल की दृष्प्रवृत्ति को रोकने के लिये कलेक्टर श्री सिंह द्वारा स्थापित प्रशासनिक अधिकारियों एवं शिक्षा विभाग सतत् निरीक्षण किया गया।

## छिंदवाड़ा में एमपी ट्रांस्को के कार्मिकों ने सीखी जीवन रक्षक तकनीक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) एवं रेड क्रॉस सोसायटी व स्थानीय जिला चिकित्सालयों, मेडिकल कॉलेज के सहयोग से मध्यप्रदेश में एम.पी. ट्रांसको के जिला मुख्यालयों में स्थित ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस उपसंभागों, सब स्टेशनों आदि में ष्सीण्पीण्आरण् एवं अन्य ऐसे ही जीवन रक्षक तकनीकोंष् पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किये जा रहें है। इसी क्रम में एक प्रशिक्षण कार्यशाला एमण्पीण् ट्रांसको एवं छिंदवाडा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइस के संयुक्त तत्वावधान में छिंदवाडा में आयोजित की गई।



चंदनगांव छिंदवाडा स्थित एमण्पीण् ट्रांस्को के कार्यालय में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यशाला के संयोजक छिंदवाडा के कार्यपालन अभियंता दीपक पारधी द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य एवं विषय की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए इस प्रशिक्षण पर प्रबंध संचालक इंजीनियर सुनील तिवारी कि मंशानुसार ष्ट्रांस्को के प्रशिक्षित व्यक्तियों में से अपने जीवन काल में यदि कोई कर्मी किसी एक भी व्यक्ति की जान बचाने में सफल होता है, तो कंपनी के लिये प्रशिक्षण का यह उद्देश्य पूर्णत: सफल होगा से अवगत कराया। इस उपयोगी कार्यशाला में कंपनी के परीक्षण संभाग छिंदवाडा एवं अति उच्चदाब संधारण उपसंभाग छिंदवाडा के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को छिंदवाडा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइस के डॉ. अश्विनी पटेल एवं डॉ. उमेश शिवहरे द्वारा व्यवहारिक और उपयोगी प्रशिक्षण दिया गया। विशेषज्ञ की निगरानी में मानव पुतले पर सीण्पीण्आरण् तकनीक का अभ्यास किया एवं प्राथमिक उपचार संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त किया।